दिन–शुक्रवार दिनांक– 16 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ एक कड़ा संदेश दिया है और भारत की सैन्य शक्ति तथा तैयारियों को दर्शाया है। रक्षा मंत्री ने आज गुजरात के भुज में वायुसेना अड्डे पर सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सशस्त्र बल ने ना केवल दुश्मन पर अपना वर्चस्व कायम किया बल्कि उन्हें नुकसान भी पहुंचाया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा है कि इसने देश–विदेश में सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया है। रक्षा मंत्री ने कहा कि वायुसेना को पाकिस्तान में स्थित आतंकी ढांचे का सफाया करने में मात्र तेईस मिनट लगे। श्री सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना की कुशल भूमिका की सराहना दुनिया के दूसरे देशों में भी हो रही है।

———————————————————————

केंद्र सरकार ने तुर्किए की ग्राउंड हैंडलिंग फर्म सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की सुरक्षा मंजूरी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो के आदेश में कहा गया है कि यह निर्णय राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में लिया गया है। पहलगाम आंतकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का पक्ष लेने पर भारत ने तुर्किए के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया है। देश के विभिन्न संस्थान राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुर्किए के साथ अपने अनुबंधों को समाप्त कर रहे हैं। जामिया मिलिया इस्लामिया ने तुर्किए की सरकार से संबद्ध संस्थानों के साथ सभी समझौता ज्ञापनों को तत्काल रद्द करने की घोषणा की है। हैदराबाद के मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय उर्दू विश्वविद्यालय ने भी हालिया घटनाओं के बाद तुर्किए में यूनुस एमरे संस्थान के साथ अपने अकादमिक समझौता ज्ञापन को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। इससे पहले, जेएनयू ने भी तुर्किए में इनोनू विश्वविद्यालय के साथ अपने समझौता ज्ञापन को रद्द कर दिया था।

———————————————————————

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चुनाव आयुक्त डॉक्टर विवेक जोशी ने आज पटना में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल, पुलिस नोडल पदाधिकारी, आईजी, पटना के जिलाधिकारी और पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे। अपने चार दिवसीय दौरे के क्रम में चुनाव आयुक्त डॉक्टर जोशी क्षेत्र स्तर पर चुनाव संबंधी तैयारियों का जायजा लेंगे।

———————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। वातावरण में नमी का मात्रा बढ़ जाने से लोगों को उमसभरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग ने आज बांका और शेखपुरा जिले में लू चलने का अलर्ट जारी किया है। वहीं, प्रदेश के अन्य भागों में गर्म दिवस की चेतावनी जारी की गयी है। विभाग के अनुसार मॉनसून पूर्व की गतिविधियों के कारण अगले कुछ दिनों तक लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिल सकती है। सत्रह मई को प्रदेश के सीतामढ़ी, मधुबनी, किशनगंज, भागलपुर, बांका, रोहतास, सारण, पूर्वी और पश्चिमी चंपारण जिले के कई भागों में वज्रपात के साथ बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान पचास से साठ किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है।

———————————————————

प्रदेश में महिलाओं को समर्पित पिंक बस सेवा आज से शुरू हो गई। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित एक अणे मार्ग से इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। परिवहन मंत्री शीला कुमारी ने बताया कि पहले चरण में बीस बसों का परिचालन शुरू किया गया है। इनमें से आठ बसों का परिचालन पटना में, चार का मुजफ्फरपुर में और दो–दो बसों का परिचालन भागलपुर, गया, दरभंगा और पूर्णियां में नगर बस सेवा के तहत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में अस्सी पिंक बसों का परिचालन शुरू होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एक सौ छियासठ डीलक्स बसों के परिचालन की भी शुरूआत की। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद थे।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।